कार्यालय– जिला प्रोबेशन अधिकारी, महराजगंज।

पत्रांक 763-67/जि0प्रो0का0/व0स्टा0से0/सि0गा0नियु0/2024–25 दिनांक 07/08/2024

मे0 गंगा इण्टरप्राइजेज,
ग्राम व पोस्ट–परसौनी, मिठौरा बाजार,
जनपद–महराजगंज।

विषय–वन स्टाप सेन्टर, महराजगंज में सिक्योरिटी गार्ड/नाइट गार्ड के रिक्त पदों हेतु सेवायोजन पोर्टल पर रिक्तियॉ प्रकाशित करते हुए तीन गुना आवेदकों के विकल्प उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक निदेशालय, महिला कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या सी–2379, दिनांक 12.02.2024 के द्वारा वन स्टाप सेन्टर के संचालन हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके कम में जिलाधिकारी, महराजगंज के अनुमोदन दिनांक 06.08.2024 द्वारा वन स्टाप सेन्टर, महराजगंज में तीन सिक्योरिटी गार्ड/नाइट गार्ड के रिक्त पदों को सेवा प्रदाता के माध्यम से सेवायोजन पोर्टल पर विज्ञप्ति/रिक्तियॉ प्रकाशित करते हुए भरा जाना है।

सिक्योरिटी गार्ड/नाइट गार्ड के पद हेतु निर्धारित अर्हता निम्नानुसार है–

पद	कार्मिकों की संख्या	प्रति व्यक्ति/प्रतिमाह (समस्त वैधानिक कटौतियों सहित)	आयु सीमा	शैक्षिक योग्यता	अनुभव
सिक्योरिटी गार्ड/नाइट गार्ड	3	रु 10500/–	21 से 40 वर्ष	साक्षर होना आवश्यक है।	राज्य/जिला स्तर पर किसी सरकारी अथवा प्रतिष्ठित संगठन में सुरक्षा कर्मी के रूप में कार्य करने का 02 साल का अनुभव। अधिमानतः वह सेवानिवृत्त सैन्य/अर्ध–सैन्य कर्मी हो।

तत्कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि सेवा योजन पोर्टल पर तीन दिवस में नियमानुसार विज्ञप्ति/रिक्तियॉ प्रकाशित करते हुए, रिक्त पदों के सापेक्ष तीन गुना अभ्यर्थियों के आवेदन समस्त अभिलेखों सहित 15 कार्य दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

07/08/24

(शास्त्र प्रकाश श्रीवास्तव)
जिला प्रोबेशन अधिकारी,
महराजगंज।

पृष्ठांकन संख्या /तददिनांक।

प्रतिलिपि– निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1. निदेशक, महिला कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, महराजगंज को सादर अवलोकनार्थ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, महराजगंज।
4. उप निदेशक/उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर।

जिला प्रोबेशन अधिकारी,
महराजगंज।

Scanned with OKEN Scanner